PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2024-25

HINDI

Time – 3 hrs. **Class – IV** **M.M. – 80**

Date - 14.02.2025 (Friday)

Name of the student _____ *Section* _____

निर्देश-

1- **प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न हल करें ।**
2- **सुंदर एवं स्पष्ट लिखावट का विशेष ध्यान दें ।**
3- **बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर सही विकल्प सहित पूर्णतः लिखना अनिवार्य है |**

खंड – अ

प्र.1. अपठित गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1×5=5)

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव - जंतु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज रहा है। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच हज़ार साल पहले जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ। अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई। आदमी अपने विचार और हिसाब- किताब को लिखकर रखने लगा। मानव ने भाषा सीखी, तब से मानव को सभ्य कहा जाने लगा। आदमी ने जब से लिखना शुरू किया तभी से इतिहास आरंभ हुआ। किसी भी देश का इतिहास तब से शुरू होता है जब से आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं।

(i) हमारी धरती कितने साल पुरानी है?

क) दो अरब साल ख) पाँच अरब साल ग) दस अरब साल

(ii) करोड़ों साल तक इस धरती पर किसका राज रहा?

क) इंसानों का ख) पक्षियों का ग) केवल जानवरों तथा वनस्पतियों का

(iii) धरती पर आदमी का जन्म कितने साल पहले हुआ ?

क) पाँच हज़ार साल ख) पाँच लाख साल ग) पाँच अरब साल

(iv) मानव सभ्य कब से कहा जाने लगा ?

क) जब उसने खाना सीखा ख) जब उसने भाषा सीखी ग) जब उसने जन्म लिया

(v) जब से मानव के लिखे हुए लेख मिलने लगे तब से किसी भी देश का ..... शुरू हुआ।

क) गणित ख) इतिहास ग) संगीत

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए। (1×5=5)

1. 'कौन' कविता में किस शरारती जीव की बात कही गई है? (खरगोश / चूहा)
2. आश्रम में धनी की सबसे अच्छी दोस्त कौन थी? (बकरी / गाय)
3. सुनीता पहली बार अकेले कहाँ जा रही थी? (मेला / बाज़ार)

4. बादशाह सुलेमान की मदद किस पक्षी ने की? (हुदहुद / गिद्ध)

5. भीखू भाई स्वभाव से कैसे व्यक्ति थे? (कंजूस / शरारती)

प्र.3 निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही या गलत का निशान लगाइए। (1×3=3)

1. दोने में खीर रखी हुई थी।

2. धनी की माँ आश्रम में खाना बनाती थी।

3. सुनीता को दुकानदार का व्यवहार बहुत अच्छा लगा।

प्र.4 सही शब्द के द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (1×3=3)

1. धनी की उम्र .....साल थी ।

2. तस्वीर के ..... टुकड़े हो गए ।

3. फरीदा ने सुनीता से .....के बारे में पूछा ।

प्र. 5 निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर बताइए कि किसने किससे कहा? (2×2=4अंक)

1. "मुफ़्त में चाहिए न? यह रहा पेड़ और वह रहा नारियल। "

   किसने कहा –

   किससे कहा –

2. " इस सोने की कलगी के कारण तो हमारा वंश ही समाप्त हो जाएगा | "

   किसने कहा –

   किससे कहा –

प्र. 6 सही विकल्प चुनकर लिखिए | (1×5=5)

1. 'विश्व हिंदी दिवस' कब मनाते हैं?

   क) 10 जनवरी ख) 25अगस्त ग) 14 मार्च

2. वाक्य में थोड़ी देर रुकने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

   क) प्रश्नवाचक चिन्ह ख)अल्पविराम ग) विस्मयादिबोधक

3. एक - दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

   क) पर्यायवाची शब्द ख) विलोम शब्द ग) अनेकार्थक शब्द

4. "जो दूसरे देश का हो " वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा ?

   क) स्वदेशी ख) दूरदर्शी ग) विदेशी

5. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ ' बहुत प्यारा' है?

   क) अंधे की लाठी ख) पीठ थपथपाना ग) आँखों का तारा

प्र.7 दिए गए निर्देश के अनुसार रिक्त स्थान पूर्ण करें। **(1×4=4)**

1. प्रसिद्ध कहानी 'ईदगाह' किसने लिखी है । (मुंशी प्रेमचंद/रामधारी सिंह दिनकर)
2. तुम्हें कौन - सा फल पसंद है ..... (। / ?)
3. जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है उसे .....कहते हैं। (क्रिया / विशेषण)
4. 'पंजाबी भाषा' की लिपि .....है । (गुरुमुखी / रोमन)

प्र.8 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । **(1×2=2)**

1. उदय- 2. न्याय -

प्र.9 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। **(1×2=2)**

1. मांस खाने वाला - 2. गाँव में रहने वाला -

प्र.10 चित्र देखकर मुहावरा पूरा कीजिए। **(1×2=2)**

1. _____ - ..... कीड़ा होना

2. - .....लगना

प्र.11 नीचे लिखे वाक्यों में से क्रिया शब्दों को चुनकर लिखिए। **(1×3=3)**

1. लड़के पतंग उड़ा रहे हैं।
2. माँ कहानी सुना रही हैं।
3. खरगोश गाजर खा रहा है।

प्र.12 नीचे दिए गए विराम चिह्नों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य बनाइए। **(1×3=3)**

1. ? _____
2. । _____
3. – _____

प्र.13 दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य दोबारा लिखिए।

1. मेरे पिताजी <u>सेना में काम करते</u> हैं । **(1×2=2)**
2. आकाश <u>केवल साग - सब्ज़ी खाता</u> है।

प्र.14 निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखिए एवं मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(1×2=2)**

1. घोड़े बेचकर सोना

   अर्थ –

   वाक्य –

खंड – ब

प्र.15 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में लिखिए। (2×5=10)

1. कबाड़ी वाला क्या –क्या सामान खरीदता है ?
2. गाँधी जी और आश्रम के लोग दांडी यात्रा कैसे जा रहे थे ?
3. बच्चे अमित को छोट - छोटू कहकर क्यों चिढ़ा रहे थे?
4. हुदहुद पक्षी को हम 'पदुबया' क्यों कहते हैं?
5. 'मुफ़्त ही मुफ़्त ' कहानी में बरगद के पेड़ को बूढ़ा क्यों कहा गया है ?

प्र.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×5=15)

1. शरारती जीव घर में कहाँ- कहाँ गया ?
2. धनी गांधी जी के साथ दांडी यात्रा पर क्यों जाना चाहता था?
3. सुनीता को सब लोग गौर से क्यों देख रहे थे?
4. हुदहुद को हम कैसे पहचान सकते हैं? उसके बारे में तीन बातें लिखिए।
5. भीखू भाई के बारे में आप क्या जानते हैं? उनके बारे में तीन बातें लिखिए।

प्र.17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 40 से 50 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए। (5×1=5)

1. मेरा प्रिय खेल
2. मेरा विद्यालय
3. वृक्षों के लाभ
4. सुबह की सैर

प्र.18 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (5×1=5)

कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए ।

अथवा

मामा जी की शादी में जाने के लिए तीन दिन के अवकाश हेतु प्राचार्य जी को आवेदन पत्र लिखिए ।